डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 79 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया






## कोहरे का असर, तापमान में गिरावट

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे की वजह से कई इलाकों में विजिबिलिटी कम होकर 50 मीटर तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में तापमान में करीब 3 डिग्री की गिरावट आई है। सोमवार को अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री के आसपास रहा। मौसम जानकारों के मुताबिक, पिछले दिनों वेस्टर्न डिस्टरबेंस व साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर रहा। लेकिन, अब यह खत्म हो गया है। बादल छटने के साथ ही ठंड बढ़ रही है। अगले कुछ दिन ऐसा ही मौसम रहने की आशंका है।

### नए साल में बढ़ सकता है शीतलहर का असर...

जिले में जनवरी की शुरुआत कड़ाके की ठंड के साथ होगी। अगले दो दिन हल्का कोहरा छा सकता है, जिसके बाद 1 और 2 जनवरी को शीत लहर का अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक, जनवरी में 15-20 दिन तक शीतलहर और कोल्ड डे का असर रह सकता है। शुरुआत के दो दिन में ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के जिलों में शीतलहर का असर देखने को मिलेगा। इसके बाद पूरे प्रदेश में इसका असर बढ़ जाएगा।

## एलएचबी कोच के साथ अजमेर-बांद्रा के बीच रतलाम होकर चलेगी विंटर वेकेशन स्पेशल ट्रेन

**रतलाम, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे विंटर वेकेशन के दौरान अजमेर से बांद्रा टर्मिनस के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में एक-एक फेरा स्पेशल ट्रेन के रूप में रतलाम होकर चलेगी।

गाड़ी संख्या 09623 अजमेर बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 1 जनवरी 2025 बुधवार को अजमेर से 10:15 बजे चलकर रतलाम मंडल के रतलाम (19:40/ 19:50, बुधवार) होते हुए गुरुवार को 6:45 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।वापसी में गाड़ी संख्या 09624 बांद्रा टर्मिनस अजमेर स्पेशल 2 जनवरी 2025 गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से 10 बजे चलकर रतलाम (21.15/21.25, गुरुवार) होते हुए शुक्रवार को 10.15 बजे अजमेर पहुंचेगी।

**यहां रहेगा स्टॉपेज**–इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में किशनगढ़, जयपुर, दुर्गापुरा, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंज मंडी, भवानी मंडी, रतलाम, वडोदरा, उधना, वलसाड, वापी, पालघर एवं बोरीवली स्टेशनों पर स्टॉपेज दिया है। यह ट्रेन एलएचबी रेक से चलेगी। सेकेंड एसी, थर्ड एसी, थर्ड एसी इकोनॉमी, स्लीपर व सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे।

### जमीनों की कलेक्टर गाइड लाइन को लेकर कवायद शुरू...

# मेपिंग के साथ लोकेशन भी स्पष्ट दिखाना होगी




### 15 जनवरी तक जिला मूल्यांकन समिति को भेजना होगी रिपोर्ट

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश सहित जिले में भी 2025-2026 के लिए जमीनो की कलेक्टर गाइड लाइन तय करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक मप्र शासन ने शेड्यूल जारी किया है। इस साल भी उप पंजीयक को ई-पंजीयन योजना के तहत प्रस्तावित दरें विभागीय सॉफ्टवेयर संपदा 2.0 पर दर्ज करनी होगी। इसके बाद उप पंजीयक स्तर से 15 जनवरी तक जिला मूल्यांकन समिति को रिपोर्ट भेजना होगी। वहीं मैपिंग के साथ लोकेशन भी स्पष्ट दिखाना होगी। क्योंकि, संपदा 2.0 लागू होने के बाद कई कमियां लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे में विशेष ध्यान देना होगा।

जिले में जहां आबादी बस्ती बढ़ने के साथ व्यावसायिक क्षेत्र का विस्तार और विकास से जड़े विभिन्न प्रोजेक्ट की संभावना है। इनको ध्यान में रखकर गाइड लाइन में तर्क संगत दर बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार करने की बात कही है। दूसरी तरफ इस बार संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर पर ही काम करना होगा और सभी जानकारी इसी पर अपडेट करना होगी। ऐसे में यह आसान नहीं है। क्षेत्र की दर तय करने के साथ नक्शे पर भी दर्शाना होगा। ताकि जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक अधिकारी लोकेशन को देख सकें। साथ ही जब जनता से दावे-आपत्ति मंगाएं तो उन्हें भी पता चले कि जहां दरें बढ़ाना प्रस्तावित की गई, वह लोकेशन कहां है।

फिलहाल प्रचलित गाइड लाइन 2024-2025 की सभी लोकेशन एवं 2025-2026 की गाइड लाइन में जोड़ने वाली नवीन लोकेशन के प्रस्ताव की तैयारी की जा रही है। यह तैयार होने के बाद जिले के उप पंजीयक अपने क्षेत्र की उप जिला मूल्यांकन समिति का अनुमोदन प्राप्त कर 15 जनवरी तक जिला मूल्यांकन समिति को भेजेंगे। यहां से अनुमोदन के बाद जिला स्तर पर प्रारंभिक प्रकाशन कर आमजन से सुझाव लिए जाएंगे। जिला स्तर पर सुझाव और उनका निराकरण करने के बाद तय गाइड लाइन के प्रस्ताव 30 जनवरी तक तैयार करना होगा। 15 फरवरी तक केंद्रीय मूल्यांकन समिति को भेजना होगा। ताकि 1 अप्रैल से नई गाइड लाइन को लागू किया जा सके।

#### लोकेशन व दस्तावेज में दर्ज अंतर को दूर करना होगा...

एक्सपर्ट और कुछ अभिभाषकों ने बताया कि विभाग को शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की लोकेशन व दस्तावेज में दर्ज जानकारी में अंतर समझना होगा। एक वार्ड से दूसरे वार्ड तो एक गांव से दूसरे गांव में प्लॉट दर्शा रहे हैं। इसे सुधारने के लिए प्रत्येक दस्तावेज की ऑनलाइन मैपिंग करना होगी। गांवों के मुख्य मार्ग व अंदर की लोकेशन, शहरी क्षेत्र में एक ही क्षेत्र लेकिन गाइड लाइन दर अलग-अलग जैसी कमियों को भी नए साफ्टवेयर को सुधारना होगा। वहीं ओटीपी सहित अन्य तकनीकी कमियों को वरिष्ठ कार्यालय को दूर करना जरूरी है, ताकि सभी पक्ष को राहत मिले।

## भोपाल में बैठेंगे साइबर सब रजिस्ट्रार, प्रदेश में कहीं भी कर सकेंगे ऑनलाइन रजिस्ट्री

**भोपाल, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में जल्द ही प्रापर्टी की रजिस्ट्री कराना बहुत आसान हो जाएगा। दरअसल, भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित पंजीयन भवन में साइबर पंजीयन कार्यालय बनाया जा रहा है। इसमें साइबर सब रजिस्ट्रार बैठेंगे और प्रदेश के किसी भी जिले में खरीदी गई जमीन, मकान, प्लाट सहित अन्य प्रापर्टी की रजिस्ट्री करवा सकेंगे।

जानकारी के अनुसार यह पूरी व्यवस्था वर्चुअल रहेगी, जिसमें स्लाट बुकिंग से लेकर सब कुछ ऑनलाइन रहेगा। अब चाहे खरीदार मध्य प्रदेश का हो या फिर अन्य प्रदेश व विदेश का ही क्यों न हो, इस सुविधा का लाभ तय पंजीयन शुल्क जमा कर ले सकेगा। बताया जा रहा है कि यह व्यवस्था संभवत: नए वर्ष में शुरू हो जाएगी। संपदा-टू सॉफ्टवेयर की शुरुआत के बाद यह सुविधा शुरू की जा रही है। ट्रायल के तौर पर विदेश के दो खरीदारों की प्रापर्टी की ऑनलाइन रजिस्ट्री हुई है।

#### सात से ज्यादा साइबर सब रजिस्ट्रार...

अरेरा हिल्स स्थित पंजीयन भवन में साइबर पंजीयन कार्यालय बनाया जा रहा है। यहां अत्याधुनिक मशीनों के साथ कंप्यूटर और कैमरे लगाए जा रहे हैं। यहां सात से अर्थात करीब 10 साइबर सब रजिस्ट्रारों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। यहां रजिस्ट्री की पूरी प्रक्रिया वर्चुअल होगी। इसके लिए इन सभी सब रजिस्ट्रारों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

#### वर्चुअल श्रेणी में बुक होंगे स्लाट...

साइबर पंजीयन कार्यालय से रजिस्ट्री कराने के लिए खरीदार को वर्चुअल श्रेणी में स्लाट बुक कराने होंगे। जिससे ऑनलाइन माध्यम से वीडियो कांफ्रेंस की मदद से रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी होगी। इसमें खरीदार को एक से दूसरे जिले में जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

#### विदेश से कराई गई हैं दो रजिस्ट्री...

पंजीयन विभाग के सूत्रों ने बताया कि साइबर पंजीयन कार्यालय शुरू करने से पहले दो रजिस्ट्री विदेश में बैठे खरीदारों ने कराई हैं। इनमें एक हांगकांग से भोपाल में और दूसरी हालैंड की खरीदार ने इंदौर में जमीन का सौदा किया है। उनको रजिस्ट्री कराने के लिए यहां आने की जरूरत नहीं पड़ी।



**सोमवती अमावस्या-** सोमवती अमावस्या के अवसर पर श्री पशुपतिनाथ महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर में श्रृद्धालुओ की भीड़ रही। वहीं महिलाओ ने पीपल के पेड़ की पूजा अर्चना कर परिक्रमा की।

### शराबियो और जश्न के जोश पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर...

# हुड़दंग मचाई तो खैर नहीं

### शहर में भ्रमण करेगी कई पुलिस मोबाइल पार्टी, प्रमुख चौराहों पर होगी चेकिंग



**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** आज साल 2024 का अंतिम दिन है। पुराने साल को विदाई देने और नए साल को सेलीब्रेट करने के लिए युवाओं में खासा जोश रहेगा। ऐसे जश्न के जोश पर पुलिस की भी नजर रहेगी। हुड़दंग मचाने वालों की खैर-खबर ली जाएगी। जश्न को शालीनता से मनाने के लिए शहर में कई मोबाइल पार्टियां घुमेगी। प्रमुख चौराहों पर पुलिस का दल चेकिंग करेगा। ज्यादा शराब पीकर हुल्लड़ मचाने वालों को किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जाएगा। बता दें कि शहर के गांधी चौराहा, बीपीएल चौराहा, घंटाघर, महाराणा प्रताप चौराहा सहित प्रमुख चौराहों पर पुलिस का दल मौजूद रहेगा। इन सहित शहर में करीब 25 पाईंट बनाए जा रहे है। जहां शराब पीकर वाहन चलाने वालों की एल्कोमीटर से जांच की जाएगी। युवाओं को ज्यादा शराब नहीं पीने की समझाइश दी जाएगी, वहीं ज्यादा शराब पीकर वाहन चलाने पर चालान बनाया जाएगा। सीसीटीवी केमरों से भी शहर में नजर रखी जाएगी। जिससे हुड़दंगियों की पहचान भी की जा सकती है।

थर्टी फर्स्ट मनाने के लिए लोगों ने तरह-तरह के आयोजनो के लिए कमर कस ली है। कई लोग फार्म हाउस पर जाकर साल के अंतिम दिन जश्न मनाएंगे तो कई लोग होटलों व अन्य जगह जाकर थर्टी फर्स्ट पर पार्टी का आयोजन करेंगे। अनेक युवाओं ने ढोल ढमाकों के साथ आयोजन करने का मन बना लिया है। जश्न को मनाने के लिए इस बार युवतियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। युवतियां जहां गली, मोहल्लों व कॉलोनियों में अपने ग्रुप के साथ 31 दिसंबर का लुत्फ उठाएंगी, वहीं नए साल 2025 के सेलिब्रेशन के लिए नए-नए तरीके इजाद कर लिए गए हैं। महिलाएं घर में ही थर्टी फर्स्ट व नए साल को सेलीब्रेट करेंगी। थर्टी फर्स्ट पर युवाओं में उत्साह को देखते हुए शहर के होटल संचालकों ने खासे इंतजाम किए हैं। शहर की होटलों व रेस्टोरेंट में विशेष प्रकार के व्यंजन बनाए जाएंगे। होटल संचालकों ने होटल को नया आकार देना शुरू कर दिया है। होटलो को नए साल के आगाज के लिए पूरी तरह सजा दिया जाएगा। कई लोग परिवार सहित होटलों में जाकर भोजन करेंगे। इसके लिए होटल संचालकों ने विद्युत सज्जा भी बेहतरीन करने की कोशिश शुरू कर दी है। हालांकि, इस बार बड़ी संख्यां में ऐसे लोग भी है जो यह कह रहे है कि कैलेण्डर वर्ष बदल रहा है। अपना नववर्ष तो चेत्र माह की एकम को होता है। लेकिन, हुड़दंग के शौकिनो के लिए थर्टी फर्स्ट महत्वपूर्ण होता है। इस दिन शराब पीकर धमाल करने का मजा लेने में ऐसे लोग कोई कसर नहीं छोड़ते है। ऐसी स्थिति में पुलिस ने भी कमर कस ली है। जिससे कि यदि कहीं भी कोई अप्रिय स्थिति बने तो तत्काल काबू किया जा सके।

**इनका कहना...**

थर्टी फर्स्ट के आयोजनों के लिए पुलिस महकमा सतर्क है। कई मोबाईल पार्टिया शहर में भ्रमण करेगी। ज्यादा शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालो पर नजर रखी जाएगी। ब्रिथ एनालाईजर अर्थात एल्को मीटर से जांच की जाएगी। हुड़दंगियों पर सीसीटीवी केमरे से भी नजर रखी जाएगी।

**अभिषेक आनंद, पुलिस कप्तान, मंदसौर**

## खाद्य विभाग ने चार दुकानों से लिए सेम्पल

**मनासा, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर के आदेश पर एसडीएम मनासा के निर्देश पर 4 फर्म का निरीक्षण किया गया।जिसमें फर्म गौरव ट्रेडर्स कारगिल चौराहा से 2 जिसमें से एक नमूना तुलसी गोल्ड शुद्ध मूंगफली का तेल 1लीटर पैक व एक अग्नि देसी घी 100 एमएल पैक,फर्म गुरुकृपा कनफेक्शनरी रामपुरा रोड मनासा से 2 नमूने जिसमें से एक नमूना चॉकलेट पैक व एक नमूना न्यूटन बटर टॉफी पैक ,फर्म वृंदावन फैमिली रेस्टोरेंट रामपुरा रोड मनासा से 2 नमूने जिसने से एक नमूना पनीर लूज व एक नमूना दही लूज का ,फर्म बालाजी कनफेक्शनरी , एंड किराना से एक नमूना आनंद स्वीट्स ओरेंज कैंडी पैक का लिया गया । फर्म वृंदावन फैमिली रेस्टोरेंट पर निरीक्षण के समय कमियां पाए जाने पर सुधार सूचना पत्र भेजा जाएगा । सुधार नहीं करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।लिए गए नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।



## सेवानिवृत्ति तथा सम्मान समारोह नाहरगढ़

ब धा ई



ब धा ई

### श्री उत्तम सिंह नरवरिया

फार्मासिस्ट,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नाहरगढ़

स्वास्थ्य विभाग में अपनी 40 वर्ष गौरवमय एवं संतोषप्रद सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत होने पर

हार्दिक शुभकामनाएं

निवेदक - सोमेश मित्र मंडल, नाहरगढ़

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में राज्यपाल का दखल भाजपा को ले डूबेगा...

**मंदसौर/उज्जैन, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** देश की राजनीति अब तेज गति से गर्त में जाति नजर आ रही है। लोकतांत्रिक देश में समाज में सत्ताधारी दल के पास सरकार रहती है। अगर वही सत्ताधारी दल अनीति करते हुए वीपक्षी राजनीतिक दलों का बलात हक छीनने लगे तब यह निश्चित तय किया जा सकता है कि अनुशासित सत्ताधारी दल सरकार में ही बने रहने के लिए चुनाव की घोषणा से लेकर नतीजे आने तक आम आदमी को दिखने वाली अनीति करते हुए कैसे भी ये केन प्रकारेण चुनाव जीतना चाहते हैं। स्वस्थ सी चली आ रही राजनीति को गर्त में धकेला जा रहा है। यह जानते हुए भी की इस तरह की अनैतिक परंपरा आने वाले समय में जब किस्मत से या किसी कारणवश दूसरे दल की सरकार बनी हो, तब शायद जो आज वर्तमान सरकार कर रही है तत्कालीन सरकार उनके साथ भी वैसे ही अनैतिक तरीके अपना कर चुनाव जितने लग जाएंगे।

सबसे ताजा उदाहरण दिल्ली के विधानसभा चुनाव के पहले हारने की दर को उजागर करता नजर आया। जब राज्यपाल ने आप पार्टी की महिला सम्मान निधि राशि देने वाली घोषणा पर कार्रवाई करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को जांच के आदेश देकर विभागीय विज्ञप्ति जारी करवा दी कि विभाग की ऐसी कोई योजना नहीं है। वर्तमान दिल्ली राज्य पूरी तरह केंद्र सरकार द्वारा अधिकृत लेफ्टिनेंट गवर्नर के हवाले किया हुआ है। विधानसभा चुनाव होकर सरकार बनने तक सर्वेसर्वा एकमात्र गवर्नर ही रहेंगे। इनका चुनावी घोषणा पर जांच कराए जाने का आदेश आम जनमानस में व्यंग्यात्मक आलोचना का विषय बन गया है। आजादी के बाद से देश के प्रत्येक राज्य में आम चुनाव के माध्यम से ही सरकारी बनती आ रही है। आजादी की हीरक जयंती आने वाली है। सैकड़ो चुनाव बीत गए हैं, पर किसी भी राज्य के राज्यपाल ने, राष्ट्रपति ने भी किसी भी राजनीतिक दल की चुनाव के पहले की घोषणा पर कार्रवाई तो दूर आपत्ति तक नहीं उठाई है। दिल्ली के राज्यपाल ऐसा कर केंद्र सरकार के नेतृत्व को खुश कर लाभ पहुंचाना चाहते हो। पर आम से लेकर प्रबुद्ध वर्ग दावा कर रहा है कि भाजपा को पुख्ता नुकसान पहुंचाने का काम उनके ही गवर्नर ने कर दिया है।



चन्द्रमोहन भगत

दरअसल इस आदेश के विरोध में आप पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से कहना शुरू कर दिया कि मैं सरकार बनने के बाद महिलाओं को 21 सौ रुपया प्रतिमाह देना चाहता हूं। भाजपाई प्रतिबंध लगा देंगे। इसका निश्चित ही भाजपा को नुकसान होना तय हो चुका है। इसका कारण भी साफ है कि भाजपा की मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा में सरकार है। जहां ऐसी राशि अन्य नामो से महिलाओं को पहले से दी जा रही है। फिर दिल्ली में 22 लाख महिलाओं ने आप पार्टी के ऐलान पर रजिस्ट्रेशन भी करा लिया है। केजरीवाल ने तो कहना शुरू कर दिया है कि भाजपा सरकार बनी तो बसों में महिलाओं की फ्री यात्रा, मोहल्ला क्लीनिक का फ्री इलाज, 200 यूनिट फ्री बिजली, मुफ्त शिक्षा जैसी सारी सुविधा समाप्त कर देंगे। इसका असर व्यापक नजर आएगा। क्योंकि महाराष्ट्र में लाडकी योजना का लाभ भाजपा को मिला तो झारखंड में हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा को भी मिला है।

दिल्ली के राज्यपाल की इस कार्रवाई ने भाजपा की ही नींव हिला दी है। जिस तरह से चुनावी वायदे पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। अगर इसे न्याय संगत या राजनीतिक सिद्धांत की नजर से परखा जाएगा, तब भी भाजपा का शीर्ष नेतृत्व ही निशाने पर होगा। क्योंकि, तब इनसे इसी कार्रवाई के दायरे में पूछा जाएगा की 10 साल पहले की 15 लाख रुपए प्रत्येक खाते में जमा कराने, दो करोड़ नौकरियां देने, हवाई चप्पल पहनने वाले को हवाई जहाज में यात्रा कराने और देश के भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियो को समाप्त कर देने की सार्वजनिक घोषणाओं पर भी इसी तरह की कार्रवाई का बुलडोजर चलाएंगे! खबर लिखे जाने तक दिल्ली राज्यपाल के इस आदेश पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया न देना खुद भाजपा के मतों को लगातार घटाता जा रहा है।





# समाज की नि:स्वार्थ सेवा करूंगा-सेवानी

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष वासुदेव सेवानी का सम्मान समारोह सम्पन्न

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पूज्य सिन्धी जनरल पंचायत के नवनिर्वाचित निर्विरोध अध्यक्ष श्री वासुदेव सेवानी के स्वागत समारोह में श्री झूलेलाल सिन्धु महल के श्री झूलेलाल धाम मंदिर में ठकुर सांई मनीष लाल साहिब के सानिध्य में पूज्य बहराणा साहिब का सुंदर दरबार सजाया गया जिसमें नगर के विधायक श्री विपिन जैन, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, भगवान पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के पुजारी, सिन्धी समाजजन, सिंधी समाज के विद्वान पंडित प्रकाश शिवकुमार शर्मा ललित शर्मा वासुदेव शर्मा, मनोज शर्मा एवं उनके पोत्र पवन ने पं. शर्मा, पं. पं. राजेन्द्र शर्मा ने भगवान झूलेलाल के स्वरूप ज्योति के दर्शन कर मुराद पूर्ण के अखे पाये तथा वेदों के मंत्रोचारण के साथ निर्वाचित अध्यक्ष वासुदेव सेवानी को पदभार ग्रहण करवाया।

इस आशय की जानकारी पंचायत के नवनियुक्त महासचिव राजेश चाहुजा ने देते हुए बताया कि सम्मान समारोह में पूज्य सिन्धी जनरल पंचायत के पूर्व अध्यक्ष वासुदेव सेवानी, मोहन रामचंदानी, पं. विनोद शर्मा, पूज्य सिंधी भाई बंध पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जयकुमार सेवानी, मदनलाल हासानी, नन्दू आडवानी, मनोहरलाल नैनवानी, लाड़ी लोहाणा पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ताराचन्द मोटवानी, दिलीप चंदवानी, श्री वरुण देव मन्दिर संचालन समिति के पूर्व अध्यक्ष द्वय पंडित राजेन्द्र शर्मा व प्रमोद ककनानी मंचासीन थे। चाहुजा ने बताया कि निर्वाचित समिति के संयोजक एवं निर्वाचन अधिकारी पुरूषोत्तम शिवानी, गिरधारीलाल जजवानी, ललित माखीजा एडवोकेट, राजेश ज्ञानानी एवं सहयोगियों ने वासुदेव सेवानी को विधिवत निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। चुनाव समिति के सदस्य ललित माखियां (एडवोकेट) ने कहा कि इस समिति के तत्वावधान में उस समय के निर्वाचित अध्यक्ष राम कोटवानी को बैठक कर समारोह पूर्वक पंचायत कि सभी संस्थाओं का हिसाब किताब दिया था उसि नियमानुसार अब वासुदेव सेवानी को हिसाब किताब राम कोटवानी को देना होगा। अपने प्रथम अध्यक्ष उद्बोधन में वासुदेव सेवानी ने कहा कि निर्वाचन समिति के विधिवत कार्यक्रम सार्वजनिक कर यह चुनाव सम्पादित किये है और पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के निर्वाचन का अधिकार केवल इस निर्वाचन समिति को प्राप्त है। मैं तीन वर्षो र्तक समाज की निस्वार्थ सेवा कर आपके सहयोग से ही करूंगा। फिलहाल पंचायत के महासचिव पद पर राजेश चाहुजा, कोषाध्यक्ष पद पर प्रीतम खेमानी, श्री वरूणदेव मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष पद पर प्रमोद ककनानी, श्री सिन्धु आराधना मंदिर संचालक समिति के अध्यक्ष पद अशोक कुमार रायमलानी, श्री लक्ष्मणसाब गुरुद्वारा एवं धर्मशाला संचालन समिति के अध्यक्ष पद पर सुरेश कुमार होतवानी को मनोनीत करता हॅू। पंचायत एवं मंदिरों के अन्य पदाधिकारी कार्यकारिणी वरिष्ठों समाजनों के साथ चर्चा कर घोषित करूंगा तथा पंचायत के आशीर्वाददाता दृष्टानंद नैनवानी रहेंगे। श्री वरुण मंदिर जीर्णोद्धार हेतु स्व. श्री आसनदास सेवानी की ओर से 2 लाख 51 हजार रू. एवं संत लीलाशाह धाम के निर्माण में 2 लाख 51 हजार रू. देने की घोषणा करता हॅू। श्री वरुणदेव मंदिर संचालक समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रमोद ककनानी ने मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु स्व. सेठ दुल्हानामल (दरबार )ककनानी परिवार की ओर से 1 लाख 11 हजार एवं रमेश लवाणी परिवार की ओर 151000 रूपये देने की घोषणा की ओर ककनानी ने भरी पंचायत में शीघ्र से शीघ्र वरूणदेव मंदिर का जीर्णोद्धार करने का संकल्प पारित करवाया।

पूर्व अध्यक्ष पं. विनोद शर्मा एवं आशीर्वाद दाता का दृष्टानन्द नैनवानी ने निर्वाचन समिति के कार्यो की प्रशंसा की। शानदार एवं गरिमापूर्ण समारोह का संचालन पुरूषोत्तम शिवानी ने किया और प्रस्ताव रखा कि पूर्व में पं. विनोद शर्मा के कार्यकाल में आनन्द विहार कॉलोनी में समाज के जरूरतमंद को 25 घर उन्हीं के पैसे से बनवाकर दिये थे। उसी तर्ज एवं पॉलिसी पर अब 50 घर बनवाने का प्रस्ताव पारित किया जावे। समारोह में उपस्थित सिन्धु जनों ने हाथ खडे कर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रस्ताव पारित किया। अध्यक्ष वासुदेव सेवानी एवं आशीर्वाददाता दृष्टानन्द नैनवानी ने सोमवार 30 दिसम्बर से ही जरूरतमंदों को अपना आवेदन श्री झूलेलाल सिन्धु महल में देने का आग्रह किया। नगर की प्रतिनिधि संस्था धार्मिक उत्सव समिति के विनोद मेहता, बंशीलाल टांक, श्री गुरु सिन्ध सभा के प्रधान गुरदिप छाबडा, गुरूचरणसिंह बग्गा, सोनू टूटेजा अग्रवाल समाज देशी पंचायत के प्रमुख अनिल गुप्ता, नरेन्द्र अग्रवाल, पं. ब्रजेश जोशी, घनश्याम बटवाल, पूज्य सिंधी जनरल पंचायत पिपलियामंडी के अध्यक्ष रूपचंद होतवानी, शंकरलाल हरजानी, नरेश जजवानी, सुरेश एवं राजकुमार हरजानी, प्रयास सेवा समिति सहित सैकड़ों सिन्धु जनों ने अध्यक्ष वासुदेव सेवानी को सम्मानित कर आशीर्वाद प्रदान किया। अंत में इस गरिमापूर्ण समारोह में पधारे समाजजनों, स्त्री, पुरूषों एवं आगन्तुकों का आभार प्रदर्शन महासचिव राजेश चाहुजा एवं वरूणदेव मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष प्रमोद ककनानी ने प्रकट किया।

# श्री हनुमंत कथा ईश्वर भक्ति का मार्ग दिखाती है-पं.व्यास



**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नरसिंहपुरा स्थित कुमावत धर्मशाला में सप्त दिवसीय संगीतमय श्री हनुमंत कथा का आयोजन हो रहा है। 29 दिसम्बर, रविवार से यह कथा प्रारंभ हुई तथा 4 जनवरी तक प्रतिदिन दोप. 1 से सायं 4 बजे तक होने जा रही है। इस कथा में बडी संख्या में धर्मालुजन आकर कथा का आनंद ले रहे है। व्यासपीठ पर विराजित होकर प.पू. हनुमान भक्त पं. श्री दिलीपजी व्यास अपने मुखारविन्द से श्री हनुमंत कथा श्रवण करा रहे है। कथा के द्वितीय दिवस सोमवार को श्री हनुमंत कथा में शिव पार्वती विवाह का प्रसंग श्रवण कराया गया। पं. दिलीप जी व्यास के सानिध्य में व मार्गदर्शन में शिव पार्वती विवाह के प्रसंग के अवसर पर शिव पार्वती बनी युवतियों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई। वरमाला की रस्म पूरी होते ही चहु और भगवान शिव व माता पार्वती के जयकारे गूंज उठे।

पं. दिलीपजी व्यास ने शिव पार्वती विवाह का प्रसंग श्रवण कराते हुए कहा कि गृहस्थ जीवन कैसा हो यह देखना हो तो शिव पार्वती से सीखे। शिव पार्वती विवाह प्रसंग हमें प्रेरणा देता है कि गृहस्थ जीवन की मर्यादाओं का पालन किया जाये। माता पार्वती ने शिव को वर के रूप में चुनकर शिव के प्रति जो समर्पण दिखाया वह अद्भूत है। हिमालय नरेश की पुत्री होने पर भी उन्होंने पर्वत, वन में रहने वाले शिव को वर के रूप में चुना और उनके साथ गृहस्थ जीवन की शुरूआत की। स्त्रियों को वर के चयन के समय वर की धन दौलत नहीं बल्कि वर की योग्यता देखना चाहिये। धन दौलत तो नष्टहो सकते है लेकिन जीवन में प्राप्त की गई योग्यतायें जीवन भर बनी रहती है। पं. दिलीपजी व्यास ने कथा के प्रथम दिवस श्री हनुमंत कथा के महत्व को भी प्रतिपादित किया। आपने श्री हनुमंत कथा की महत्ता बताते हुए कहा कि श्री हनुमंत कथा ईश्वर के प्रति भक्ति का मार्ग बताती है। श्री हनुमानजी ने प्रभु राम के प्रति अपना पूरा जीवन समर्पित करके जो भक्ति का मार्ग हमें बताया है वह अदभुत है। प्रभु श्रीरामजी के मिलन के पूर्व श्री हनुमानजी का जीवन और श्रीराम से भेंट के बाद श्री हनुमानजी की लिलाये भी हनुमान के जीवन के दो अलग-अलग भाग है। श्री हनुमंत कथा में पौथी पूजन वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रीतिपालसिंह राणा, राधाकृष्ण ग्रुप के विश्वमोहन अग्रवाल, रवि अग्रवाल, घनश्याम खत्री व कथा के प्रथम दिन सायंकाल पौथी की आरती समाजसेवी श्री दशरथसिह झाला, पूर्व पार्षद रमेश घोड़ेला, भेरूलाल अन्यावड़ा, नरसिंहपुरा क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी नंदराम जाजपुरा, लक्ष्मीनारायण पटेल, जगदीश माचीवार, श्याम पालीवाल, मांगीलाल माली, संतोषकुमार प्रजापत, राजेन्द्र मुंद्ड़ा, रमेश शर्मा, गोपाल हरवा, भेरूलाल घोड़ेला, गोपाल कुमावत, नानालाल घोड़ेला, मिठ्ठूलाल बरानिया, हीरालाल कराड़िया, मिश्रीलाल घोड़ेला, भेरूलाल कुमावत, अशोक नागदा, श्याम सोनी, कुंदरमल हरवा, कारूलाल भोभरिया, मदनलाल ओस्तवाल, ओमप्रकाश खुंवार, रामचन्द्र पारनिया वाले आदि के द्वारा की गई।





# डेक्स्टर ग्लोबल विद्यालय में वार्षिक खेल उत्सव 'स्पोर्टिका' का आयोजन सम्पन्न

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** डेक्स्टर ग्लोबल विद्यालय में वार्षिक खेल उत्सव 'स्पोर्टिका' का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री विशाल गोयल, श्रीमती मुक्ता गोयल और दशपुर विद्यालय के प्राचार्य श्री प्रिंस वी. थॉमस ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इसे गौरवान्वित किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ हुई, जो पूरे आयोजन में शुभता का प्रतीक बना। इसके बाद प्री-प्राइमरी शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत की गई गणेश वंदना ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।

प्राचार्या श्रीमती नीलिमा चौधरी ने प्रारंभिक उद्बोधन में विद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख किया और छात्रों को खेल और शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत परेड कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। परेड का नेतृत्व अर्जुन लोहार, हेड गर्ल विश्रुती गोयल और खेल कप्तान प्रिंस मालवीय ने किया, जिन्होंने विद्यालय और 'स्पोर्टिका' का झंडा थामे हुए गर्वपूर्वक मार्च किया। छोटे-छोटे बच्चों ने हाथों में छोटे झंडे लेकर अपनी मासूमियत और उत्साह से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय का मैस्कॉट 'सिंबा' रहा, जिसने अपनी धमाकेदार एंट्री से दर्शकों और खिलाड़ियों में जोश भर दिया। शैक्षणिक और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टप्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के परिवारजन को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। यह क्षण अभिभावकों और बच्चों दोनों के लिए गर्व का पल था। कार्यक्रम का संचालन नन्हे-मुन्ने बच्चों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया। उनकी मासूमियत और आत्मविश्वास ने सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में अभिभावकों के लिए रस्सा-कसी का खेल भी आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन को और अधिक रोचक बना दिया। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने और इसे सफल बनाने में खेल शिक्षक ओमप्रकाश गुर्जर, दीपांशु ग्वाला व दीपक विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक सनी शर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, और छात्रों का आभार व्यक्त किया। 'स्पोर्टिका' ने न केवल विद्यार्थियों में खेल भावना जागृत की बल्कि अभिभावकों और दर्शकों को भी एक यादगार अनुभव दिया।

## नवांकुर संस्था द्वारा भावसार का स्वागत किया

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नवांकुर संस्था बाजखेडी सेक्टर मंदसौर द्वारा शिवना शुद्धि करण पैदलयात्री एवं अग्रेसर विकास समिति के अध्यक्ष मनीष भावसार का भव्य स्वागत किया गया। श्री भावसार द्वारा बताया गया कि इस यात्रा के माध्याम से समस्त नगर वासीयों से यह आग्रह किया जाता है कि शिवना शुद्धिकरण का यह संकल्प सभी के सहयोग से पुर्ण हो सकेगा। नवांकुर संस्था बाजखेडी सेक्टर अध्यक्ष बनो बी, सचिव मंजु भावसार एवं प्रस्फुटन समिति के कार्यकर्ता लाला भाई द्वारा इस यात्रा के सहयोगीजनो का स्वागत कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर करनाखेड़ी सरपंच गोपाल पाटीदार, एएसआई कल्याणसिंह, सांसद प्रतिनिधि बंशीलाल राठौर, सुरेश बैरागी अन्य ग्रामीणजन मौजुद थे। कार्यक्रम का आभार लाला भाई अजमेरी ने माना।

# पूज्य सिंधी जनरल पंचायत मंदसौर का निर्वाचन सम्पन्न



**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पूज्य सिंधी जनरल पंचायत एक जनरल मीटिंग दिनांक 29 दिसम्बर रविवार को शाम 5:30 बजे अध्यक्ष राम कोटवानी द्वारा आहुत की गई। जिसमें सिंधी समाज के समस्त गणमान्य नागरिक महानुभाव ने उपस्थित होकर जनरल मीटिंग में अपने सुझाव व मार्ग दर्शन दिये गए। जिसमें अध्यक्ष राम कोटवानी ने अपने 3 वर्ष के कार्यकाल का लेखा-जोखा में समाज के महानुभाव के समक्ष प्रस्तुत किया तथा अपने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया गया। नवीन चुनाव प्रक्रिया करने हेतु सभापति चुनने के लिए चार नाम सामने आए। जिस पर मनोहर लालवानी, पप्पू चंदावानी, ललित कोतक सिंधी समाज के समस्त महानुभाव ने एक मत होकर पप्पू चंदवानी को सभापति चुना गया।

नवनिर्वाचित सभापति ने चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ करके नवीन अध्यक्ष के लिये नाम रखने हेतु सदन में आव्हान किया। जिस पर श्री मोहन रामचंदानी के नाम प्रस्ताव मनोहर लाल आडवानी, कन्हैयालाल लालवानी अनेक महानुभाव ने प्रस्ताव रखा तथा सर्मथन वासुदेवी चंदवानी, लक्ष्मण माखाजी, प्रेम सतीदासानी, लक्ष्मण भगतानी, पुरूषोत्तम खेमानी आदि ने समर्थन किया तथा दूसरा नाम भगवानदास ठाकुर दास जी भगतानी का नाम सुरेश जी कोटवानी द्वारा प्रस्ताव रखा गया। समर्थन में कपिल जी खेराजानी, कमलेश जी कोठारी आदि ने किया। दस मीनिट का समय रखा गया अन्य महानुभाव भी अपना नाम दे सके। परंतु अन्य नाम नहीं आने पर दोनों प्रत्याशियों को आपसी विचार-विमर्श के लिए दस मीनिट का समय बंद कमरे में दिया गया। उसके पश्चात श्री भगवान दास मनवानी ने श्री मोहन जी रामचंदानी के समर्थन में अपना नाम वापस लिया तथा उसके अपना समर्थन दिया। श्री मोहन रामचंदानी अध्यक्ष पद हेतु निर्विरोध निर्वाचित हुए। सिंधी समाज के सभी महानुभावों ने अध्यक्ष श्री मोहन रामचंदानी को अध्यक्ष पद हेतु निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं पुष्प मालाओं से स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर राम कोटवानी, ललित कोतक, लक्ष्मणदास रायमलानी, गोपालदास जी पारवानी, जगदीश सोनी, लक्ष्मण माखाजी, मनोहरलाल सोनी, ??. कमल संगतानी, दिनेश बाबानी, वासुदेव चंदवानी, टेउंरामजी मोटवानी, भगवानदास जी मोटवानी, हरीष जी मोटवानी, दिनेश मोटवानी, गिरीश मोटवानी, मनोहरलाल जी लालवानी, मनोहर जी आडवानी, कन्हैयालाल जी लालवानी, खूबचंद देवाणी, ठाकुरदास आसवानी, आत्माराम कोतक, पुरूषोत्तम चंदवानी, महेश रामनानी, जीतेन्द्र मोटवानी, हेमंत पमनानी, चंद्रप्रकाश पमनानी, जगदीश रायमलानी, दिपक रायमलानी, कैलाश कोतक, विनोद कोठारी, जगदीश आडवानी, घनश्याम पमनानी, डैनी होतवानी, नीतिन लालवानी, दिपक लीमानी, प्रेम सतीदासानी, लक्ष्मण भगतानी, अंकित सेवलदासानी, सुनील बाबानी, ईश्वर भावानी सिंधी समाज के लगभग 1200 महानुभाव उपस्थित थे। सभी ने नव निर्वाचित अध्यक्ष को पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष चुने जाने पर बधाईयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# आरोग्य भारती मालवा प्रांत की बैठक सम्पन्न



**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** आरोग्य भारती मालवा प्रांत जिला मंदसौर नगर और जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक सायं 4 बजे डॉ. रमेश कनेसरिया के निवास चेलावत हॉस्पिटल के पीछे संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय विद्यालय स्वास्थ्य जागरण संयोजक भोलेनाथ ने कहा कि माह में कुछ ना कुछ ना कुछ गतिविधियां करते रहना, संगठन को स्थायित्व प्रदान करना जीवन में सेवा कार्यो के लिए अपना समय देना, अपना व्यक्तिगत और समाज का संपूर्ण स्वास्थ्य आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

बैठक में प्रांत अध्यक्ष डॉ विष्णु सेन कछावा, जिला संरक्षक डॉ. जवाहरसिंह मंडलोई, जिला अध्यक्ष श्री अशोक, जिला सचिव श्री संजय राणा, नगर अध्यक्ष डॉ रमेश कनेसरिया ,नगर सचिव श्री शुभम बैरागी, वन औषधि प्रचार प्रमुख किशनलाल आर्य, तहसील अध्यक्ष सीतामऊडॉ. स्नेहदीप राजपुरोहित, डॉ. अभिनव पारीक, डॉ वैभव जैन, आरएसएस के जिला संघ संचालक दशरथसिंह झाला सहित आरोग्य भारती के सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी आरोग्य भारती के नगर सचिव शुभम बैरागी द्वारा दी गई।

# देवरान में झूमे कृष्ण भक्त, भक्तिमय हुआ पूरा गांव

## श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर उठे स्वर, नन्द के घर आनन्द भयो-जय कन्हैयालाल की

**मनासा, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मानव जीवन में भगवत गीता का वाचन व श्रवण करने व गीता के उपदेशों को जीवन मे उतारने से ही जीवन की सार्थक है। जीवन की हर समस्या का निदान श्रीमद भगवत कथा के उपदेशों में है। सांसारिक जीवन जीने के साथ साथ, हर एक मानव को अपने हिन्दू धर्म के प्रति आस्थावान होकर श्रीमद भगवत कथा को जरूर सुन्ना चाहिए। उक्त बात व्यास पीठ से कथावाचक पंडित गोपाल व्यास ( गुजर बरडिया) वाले द्वारा बताई गई।



भगवान श्री सांवरिया सेठ की असीम कृपा से श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का मंगलमय आयोजन विगत दिनांक 27 दिसम्बर 2024 को कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ होकर, आगामी दिनांक 2 जनवरी 2025 तक निरन्तर दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक, पाटीदार समाज धर्मशाला गांव देवरान, तहसील रामपुरा में प्रसारित हो रही है। श्रीमद भागवत कथा का आयोजन गांव देवरान के पटेल रामनारायण पाटीदार (अमरोदिया) व समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से आयोजित हो रही है। 30 दिसम्बर 2024 को व्यासपीठ से कथावाचक पंडित गोपाल व्यास द्वारा अयोध्या नरेश भगवान श्री राम के चरित्र का व भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर प्रसंग को कथा के दौरान भक्तजनो को श्रवण कराया व भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का आयोजन भी कथा स्थल पर हुआ। जिसमें भगवान श्री कृष्ण की झांकी सजाई गई जिसमें कृष्ण रूपी नन्हे बालक को पालने में बिठाकर व्यास पीठ तक आतिशबाजी, ढोल के साथ लाया गया। जन्मोत्सव पर उपस्थित जन द्वारा भगवान श्री कृष्ण को झूला भी झुलाया गया। श्रीमद भागवत कथा में संगीत में साथ निभा रहे अरविंद बैरागी, चरण बैरागी सहित अन्य कलाकार का सहयोग है। श्रीमद भागवत कथा का विश्राम आगामी दिनांक 2 जनवरी 2025 को दोपहर 2 बजे होगा। श्रीमद भागवत कथा आयोजनकर्ता पटेल रामनारायण पाटीदार व ग्रामवासियो ने समस्त क्षेत्र वासियो व धर्मप्रेमी जनमानस से अपील की है कि आप अधिक से अधिक संख्या में व सपरिवार पधारकर कथा श्रवण करने का धर्म लाभ ले।

# श्री दरोया व श्री नरवरिया आज सेवानिवृत्त होगे

**नाहरगढ़, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कर्मचारी द्वारा अपनी सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त पर विभाग परिवार द्वारा उनका सम्मान कर बिदाई समारोह आयोजित किया गया है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मंदसौर की शाखा नाहरगढ से सुपरवाइजर पद पर कैलाशचन्द्र दरोया 37 साल 7 माह की सेवा की है तथा स्वास्थ्य विभाग के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नाहरगढ मे कम्पाउण्डर पद पर उत्तम सिंह नरवरिया 40 साल की गौरवमयी सेवा करने के बाद आज मंगलवार 31 दिसम्बर 24 को सेवानिवृत्त होने पर विभाग द्वारा सम्मानित कर सम्मान किया जाऐगा और उन्हे बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐ प्रेषित करेंगे।



कैलाशचन्द्र दरोया | यू एस नरवरिया



# आईजीमाता मंदिर पर 7 दिनी कथा का शुभारंभ, कलश यात्रा निकली

**मनासा, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम अल्हेड में 7 दीनी श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ सोमवार को हुआ। सुबह बैंड बाजों के साथ गांव के उपस्वास्थ्य केंद्र सरकारी कुएं के पास से भव्य कलश यात्रा निकली।

कलश यात्रा के पूर्व वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश एवं ध्वज का पूजन किया गया। शोभायात्रा में सिर पर कलश उठाएं मातृशक्ति मंगल गीत गाते हुए चल रही थी। वहीं यात्रा में शामिल श्रद्धालु बैंड बाजों एवं मंगल गीतों पर झूम रहे थे। कलश यात्रा से आईमाती की नगरी भक्तिमय बन गई। जगह जगह पुष्पवर्षा कर ग्रामीणों ने कलश यात्रा का स्वागत किया। गांव के मुख्य मार्गो से होती हुई शोभायात्रा आयोजन स्थल आईजीमाता मंदिर पहुंची। यहां विधि विधान एवं मंत्रोचार के साथ भागवत पौथी की स्थापना कर भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। जजमान श्री शिवनारायण श्रीवास्तव ने भागवत पौथी की पूजा की। कथा वाचक पं. दशरथ शर्मा भाईजी कथा प्रवक्ता मंदसौर वाले द्वारा पहले दिन श्रीमद भागवत कथा का महत्व एवं इसे श्रवण करने का लाभ बताया। 31 दिसम्बर को परीक्षत जन्म व शुकदेव आगमन का प्रसंग सुनाया जाएगा। प्रतिदिन प्रात: 11.30 बजे से दोप. 3.30 बजे तक कथा होगी। 5 जनवरी को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष प्रसंग के साथ कथा का विश्राम होगा।

# देहभान से मुक्त आत्म स्थिति का अनुभव ही हमारी रक्षा करेगा-शारदा दीदी

## नीमच में आयोजित राजयोग तपस्या शिविर में 800 से अधिक ब्रह्मावत्सों ने भाग लिया



**नीमच, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** अगर हम अपने जीवन से असंतुष्ट हैं या किसी व्यक्ति के व्यवहार से डिस्टर्ब होते हैं तो हमें अपने आप से बातें कर अपनी ही काउंसलिंग करनी है । अपनी आध्यात्मिक चेतना को जागृत करना है । यह बात गहराई से महसूस करनी है कि इस सृष्टिरंगमंच पर हर व्यक्ति अपना रोल अदा कर रहा है । मुझे केवल अपनी भूमिका पर ध्यान देना है । यदि यह ध्यान रखें कि मैं इस सृष्टिनाटक में कैसे अपना पार्ट बेहतरीन ढंग से अदा कर सकता हूँ तो किसी दूसरे से दिया गया तनाव समाप्त हो जाएगा और क्षमा भाव जागृत होगा। उपरोक्त विचार विश्व विख्यात आध्यात्मिक विभूति बी.के.शारदा दीदी जी ने ब्रह्माकुमारीज़, पावन धाम परिसर में आयोजित विशाल राजयोग तपस्या शिविर को संबोधित करते हुए व्यक्त किये । आपने सफलता का मंत्र देते हुए बताया कि समय पर निर्भरता छोड़कर समय से पहले ही हमें खुद को आत्मशक्ति सम्पन्न बनाना होगा । इसके लिए कर्मयोगी की अवस्था में रहकर कर्म करें और बीच बीच में शरीर के भान से मुक्त होकर अशरीरीपन अर्थात आत्मस्थिति का अनुभव करें तो आत्मा बलवान होती चली जाएगी । एक बलवान और सशक्त आत्मा किसी भी आने वाली परिस्थिति का सामना सहज करके पार हो जाएगी । शारदा दीदी जी ने 45 मिनिट से अधिक अपनी कॉमेन्ट्री के द्वारा उपस्थित विशाल सभा को शक्तिशाली आध्यात्मिक संकल्प प्रदान कर असीम सुख-शांति का अनुभव करवाया । बीच-बीच में प्रश्नोत्तर द्वारा आपने सभा में उपस्थित सभी ब्रह्मावत्सों को सक्रिय बनाए रखा । इस अवसर पर 60 से भी अधिक वर्षो र्से राजयोग तपस्या के मार्ग पर चल रहे वरिष्ठ चार्टड अकाउण्टेंट बी.के.जयेश भाई ने भी संस्था के संस्थापक पिताश्री प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा ली गई पालना के अनुभव साझा किये तथा शारदा दीदी की सहयोगी बी.के.त्रिवेणी बहन ने भी राजयोग मेडिटेशन के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला । यह पूरा कार्यक्रम लगातार पांच घण्टे तक चला.. जिसमें 800 से भी अधिक ब्रह्मावत्सों ने पूरे अनुशासन और लगन के साथ कार्यक्रम का लाभ लिया । कार्यक्रम के प्रारंभ में राजयोगिनी बी.के.सविता दीदी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया साथ ही प्रत्येक आगंतुक ब्रह्मावत्स को बी.के.बहनों ने चन्दन का तिलक लगाकर सभागार में प्रवेश दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में ज्ञानोदय अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. विनी कैथवास ने उपस्थित महिला वर्ग समूह को महिला रोगों के बारे में विस्तृत जानकारी व सावधानियाँ बताई । इस पूरे कार्यक्रम के दौरान सभी ने अपने मोबाईल स्वीच ऑफ कर रख दिये थे । अंत में ब्रह्माकुमारीज़, नीमच सबझोन के डायरेक्टर बी.के.सुरेन्द्र भाई ने शारदा दीदी व जयेश भाई के साथ ही बी.के.त्रिवेणी बहन का तीन दिन तक विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर सभी को आध्यात्मिक लाभ देने के लिए आभार प्रकट किया । कार्यक्रम के आखरी चरण में सभी को ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा बनाया गया दिव्य ब्रह्माभोजन परोसा गया, जिसका सभी ने रसास्वादन लिया ।

# मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 69 | 2324 | 2435 |
| उड़द | 31 | 4500 | 6499 |
| सोयाबीन | 4000 | 3774 | 4566 |
| गैहु | 2005 | 2951 | 3250 |
| चना | 131 | 5398 | 6231 |
| मसुर | 82 | 5381 | 5900 |
| धनिया | 220 | 6301 | 7571 |
| लहसुन | 10000 | 10000 | 23000 |
| मैथी | 600 | 4307 | 6072 |
| मुंगफली | 2530 | 4450 | 5300 |
| अलसी | 1046 | 5420 | 6162 |
| सरसो | 142 | 5390 | 5800 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 65 | 10753 | 12782 |
| प्याज | 12500 | 800 | 2650 |
| कलोंजी | 5 | 16900 | 18380 |
| तुलसी बीज | 2 | 10700 | 15791 |
| डॉलर | 20 | 7600 | 11550 |
| तिल्ली | 39 | 7850 | 12399 |
| जौ | 22 | 2769 | 2776 |
| मटरसुखी | 3 | 6590 | 6611 |
| असालीया | 5 | 10801 | 13636 |
| मूंग | 1 | 3401 | 3401 |

## दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

**पिपलियामंडी, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** बस की नीचे आए युवक की इलाज के दौरान उदयपुर में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार शाम 6 बजे करीब पिपलिया में टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर के यहां बस से मगराना निवासी कृष्णपाल (25) पिता गोर्धनलाल सूर्यवंशी उतरा, उतरते समय वह गिर गया और उसके दोनों पैर पहिए के नीचे आ गए। बस में ही युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती कराया, जहां से उसे मंदसौर रेफर कर दिया, हालत गंभीर होने से उसे उदयपुर रेफर किया, जहां इलाज के दौरान रात्रि में उसकी मौत हो गई।

## मारपीट में क्रास केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने क्रास केस दर्ज किया। काचरिया नौ निवासी रामीबाई 65) पति राधेश्याम बैरागी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे पति राधेश्याम की एक ओर पत्नी अन्तु का बेटा नारायण बैरागी मेरे घर की दिवार पर कलर कर रहा था, मना किया तो गाली-गलौज कर लात-घुसों से मारपीट की। पुलिस ने नारायण पर केस दर्ज किया।इसी तरह नारायण पिता राधेश्याम बैरागी ने शिकायत दर्ज कराई मेरे पिता की मृत्यु हो चुकी है। पहली मां रामीबाई व हम एक ही मकान में अलग-अलग रहते है। मैं घर की पुताई कर रहा था तो रामीबाई ने गाली-गलौज की व तपेली की सिर पर मार दी, जिससे चोंट आई। पुलिस ने रामीबाई पर केस दर्ज किया।

# अब सुप्रीम कोर्ट-हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के रिश्तेदार नहीं बनेंगे जज

**नई दिल्ली, 30 दिसम्बर।** उच्च न्यायालयों और सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति को लेकर ऐसी धारणा अक्सर बनाई जाती रही है कि पहली पीढ़ी के वकीलों को चयन प्रक्रिया में तवज्जो नहीं दी जाती। इसकी बजाय ऐसे लोगों को जज के तौर पर प्रमोट किया जाता है, जो दूसरी पीढ़ी के वकील हों और उनके परिजन पहले से जज हों। अब इस धारणा को खत्म करने की पहल कॉलेजियम की ओर से हो सकती है।

अब कहा जा रहा है कि कॉलेजियम ऐसे लोगों के नामों को आगे बढ़ाने से परहेज करेगा, जिनकी परिजन या रिश्तेदार पहले से हाई कोर्ट या फिर उससे उच्चतम न्यायालय के जज हों। यदि ऐसा हुआ तो फिर जजों का चयन करने वाली कॉलेजियम की प्रक्रिया में यह बड़ा बदलाव होगा। बता दें कि जजों में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है, जिनका कोई फैमिली मेंबर या फिर रिश्तेदार पहले से भी लीगल प्रोफेशन से जुड़े रहे हैं। जानकारी मिली है कि कॉलेजियम में शामिल कुछ जजों का ही प्रस्ताव था कि ऐसे लोगों के नामों को आगे न बढ़ाया जाए, जिनके परिजन या रिश्तेदार पहले से जज हैं या फिर रह चुके हैं। इस बारे में जब मंथन हुआ तो यह बात भी उठी कि इस तरह का फैसला लेने से तो कुछ ऐसे लोग भी छंट जाएंगे, जो योग्य हैं। इस पर कॉलेजियम में ही दलील दी गई कि ये लोग एक सफल वकील के तौर पर अच्छी जिंदगी गुजार सकते हैं। इन लोगों के पास पैसे कमाने के अवसरों की भी कमी नहीं होगी। भले ही कुछ लोगों के लिए यह नुकसानदायक होगा, लेकिन व्यापक हित में यह फैसला गलत नहीं है। . कॉलेजियम की ओर से खुद ही इस तरह का फैसला लेना मायने रखता है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने 2015 में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग को खारिज कर दिया था। इस संस्था के गठन से जुड़े कानून को सरकार ने संसद से सर्वसम्मति से पारित करा लिया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उस पर रोक लगा दी थी। ऐसे में अब कॉलेजियम की ओर से खुद ही जजों की नियुक्ति प्रक्रिया सुधार का प्रस्ताव लाना अहम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में तब एनजेएसी को खारिज किया गया था, तब उसका पक्ष रखते हुए एक वकील ने परिवारवाद वाली दलील दी थी। वकील का कहना था कि ऐसी भावना लोगों के मन में है कि कॉलेजियम सिस्टम में जज ही जज को चुनते हैं। यह ऐसा ही है कि आप मेरी पीठ खुजलाएं और मैं आपकी। इसके माध्यम से कई बार ऐसे लोग ही चुने जाते हैं, जिनके परिवारों के लोग पहले से ही न्यायिक व्यवस्था में बैठे हैं। एक वकील ने कहा था कि ऐसे 50 फीसदी जज हाई कोर्ट में हैं, जिनके परिजन पहले से ही अदालत में थे।

माना जा रहा है कि उस धारणा को तोडने के लिए कॉलेजियम में बदलाव की व्यवस्था की जा रही है। हालांकि अभी यह महज एक प्रस्ताव ही है। इस पर अमल होने में अभी वक्त लगेगा। बता दें कि कॉलेजियम सिस्टम की आलोचना भी कई बार सरकार की ओर से की जाती रही है। इसके अलावा सिविल सोसायटी में भी कॉलेजियम सिस्टम की खामियों पर चर्चा होती रही है। गौरतलब है कि कॉलेजियम सिस्टम में एक और सुधार हाल ही में देखने को मिला है। अब कॉलेजियम में शामिल जज नियुक्ति से पहले संबंधित लोगों से मुलाकात भी कर रहे हैं और इंटरव्यू आदि लेते हैं।



# एडीआर सेंटर भवन में नालसा योजनाओं के तहत विशेष प्रशिक्षण सम्पन्न

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन में नालसा योजनाओं के तहत दो विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पहला कार्यक्रम नालसा (मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों को विधिक सेवाएं) योजना, 2024, के तहत गठित विधिक सेवा इकाई–मनोन्याय के लिए आयोजित किया गया। दूसरा कार्यक्रम नालसा (बच्चों के लिए बाल अनुकूल विधिक सेवाएं) योजना, 2024, के तहत गठित बच्चों की विधिक सेवा इकाई (ङ्ब्णउ) के लिए आयोजित किया गया।

**मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण–**कार्यक्रम की शुरुआत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री सिद्धार्थ तिवारी द्वारा योजना की संरचना, मुख्य विशेषताओं और विधिक सेवा प्रदाताओं की भूमिका एवं जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए की गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी, श्री प्रवीण कुमार ने योजना के तहत किए जाने वाले कार्यों और हस्तक्षेपों पर चर्चा की। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों, पुलिस थानों, अदालतों, रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंडों पर इन व्यक्तियों को विधिक सहायता प्रदान करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसल श्री सुनील कुमार बडोदिया ने मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों के अधिकारों से संबंधित कानूनी और नीतिगत ढांचे पर एक विस्तृत सत्र लिया। इसमें संयुक्त राष्ट्र दिव्यांगजन अधिकार सम्मेलन (2008), दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (2016) और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम (2017) जैसे प्रमुख कानूनों को शामिल किया गया।

**बच्चों के लिए विधिक सेवा इकाई (ङ्ब्णउ) का प्रशिक्षण–**बालकों की विधिक सेवा इकाई के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसल श्री हिम्मत सिंह सांखला ने बच्चों के लिए कानूनी और नीतिगत ढांचे पर चर्चा की। इसमें किशोर न्याय (देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (झजउब्ज), 2012 जैसे महत्वपूर्ण कानूनों को शामिल किया गया। उन्होंने 'विधि का उल्लंघन करने वाला बालक' और 'देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक' जैसे विषयों पर भी प्रकाश डाला। सचिव श्री सिद्धार्थ तिवारी ने नालसा योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की और ङ्ब्णउ सदस्यों की जिम्मेदारियों को समझाया। दोनों कार्यक्रमों का उद्देश्य मानसिक रूप से बीमार, बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों और बच्चों के लिए समर्पित एवं प्रभावी विधिक सहायता सुनिश्चित करना था। कार्यक्रमों में समूह चर्चा और केस स्टडी विश्लेषण के माध्यम से व्यावहारिक दृष्टिकोण को सशक्त बनाया गया।

# उज्जैन ले जाया जा रहा डोडाचूरा रतलाम की बिलपांक पुलिस ने पकड़ा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले की बिलपांक थाना पुलिस की कार्रवाई ने फिर साबित कर दिया है कि मंदसौर से डोडाचूरा की तस्करी लगातार हो रही है। पुलिस ने गुजरात पासिंग कार से डोडाचूरा लेकर जा रहे तीन युवकों को पकड़ा है। तीनों युवक रतलाम जिले के रहने वाले है। मंदसौर से डोडा के छिलके (चूरा) लेकर आए थे, जो उज्जैन जिले में देने जा रहे थे। गिरफ्तार तीन आरोपियों में से दो ढाबा चलाते है।

बिलपांक थाना प्रभारी अयुब खान ने बताया कि सूचना मिली कि सफेद रंग की गुजरात पासिंग अल्टो कार जीजे 12 सीजी 4195 में डोडे का छिलका भरकर धराड़-बदनारा रोड पर कंवलका ढाबे के पास से ले जाया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर 2 टीम बनाई। एक टीम को कंवलका ढाबे से 200 मीटर आगे जाकर खड़ा करवाया। दूसरी टीम सीधे ढाबे पर पहुंची। पुलिस की जीप कंवलका ढाबे के पास पहुंची तो आरोपी कार की स्पीड बढ़ाकर भागे। उसका पीछा किया, जिसे आगे खड़ी टीम ने घेर लिया।

कार में आगे की सीट पर ड्राइवर समेत 3 लोग सवार थे। दिनेश पिता गिरधारीलाल गेहलोत निवासी धराड कार चला रहा था। पास वाली सीट पर परमानंद पिता कालूराम डोडियार निवासी प्रीतमनगर व करण पिता राजाराम चौधरी निवासी धराड़ बैठा था। कार की पिछली सीट पर 4 बड़े और एक छोटे प्लास्टिक के कट्टे में 81 किलो डोडाचूरा भरा हुआ मिला। मौके पर ही इसका तौल किया।

**ढाबा चलाते है दो आरोपी–**पुलिस के अनुसार, आरोपी दिनेश नयापुरा रोड पर कंवलका ढाबा चलाता है, परमानंद का भी प्रीतम नगर में ढाबा है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी डोडे के छिलके उज्जैन जिले के रूणिजा में किसी को देने जा रहे थे। पुलिस इसमें शामिल आरोपी, जिससे लाए और जिसे देने जा रहे थे, उनका नाम पता कर रही है। उनका नाम पता चलने पर उनके खिलाफ भी एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर कार को जब्त कर लिया है।

## साल 2025 को बनाए एक नई शुरुआत...

# जीवन का रुख मोड़ दीजिए, तंबाकू सेवन छोड़ दीजिए..!

**पिपलियामंडी, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** इसी पंक्ति द्वारा कबीर इंटरनेशनल स्कूल , गुड़बेली पिपलिया मंडी, में दिनांक 30 दिसम्बर को नशा मुक्ति अभियान के तहत एक नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बढ़ते नशे की लत और उससे होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना था। नुक्कड नाटक में छात्रों ने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से नशे के कारण परिवार और समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को दर्शाया। नाटक में यह भी दिखाया गया कि नशे से छुटकारा पाना संभव है, बशर्ते व्यक्ति दृढ संकल्प के साथ सही दिशा में प्रयास करे।



इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती कोमल जी परमार ने छात्रों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं और अपने आसपास के लोगों को भी नशे के प्रति जागरूक करें। यह कार्यक्रम न केवल छात्रों बल्कि उपस्थित अभिभावकों और स्थानीय लोगों के लिए भी प्रेरणादायक रहा। सभी ने इसे सफल बनाने के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील जी देवरिया और अन्य गणमान्य व्यक्ति- श्री प्रवीण सेन (सीएमओ), श्री भारत सिंह सोनगरा उपाध्यक्ष ,श्री राजेश उपाध्याय उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को नशे के खतरों और इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के बाद नगर पालिका के अधिकारियों ने सभी उपस्थित लोगों के साथ नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। शपथ के दौरान सभी ने यह वादा किया कि वे न केवल खुद नशे से दूर रहेंगे, बल्कि समाज को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। नगर पालिका के अधिकारी ने कहा, 'स्वच्छ भारत को सफल बनाने के लिए हमें जैविक अपशिष्ट को प्राकृतिक खाद में परिवर्तित करना चाहिए। यह न केवल हमारे पर्यावरण को स्वच्छ बनाएगा बल्कि रासायनिक खाद के उपयोग को भी कम करेगा, जो हमारी मिट्टी और जल स्रोतों को प्रदूषित करता है।' 'नशा छोड़ो, जीवन जीओ' का संदेश लेकर यह नाटक सभी के दिलों पर गहरी छाप छोड़ गया।

# परीक्षा सर पर, लेपटॉप की राह तक रहे होनहार

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** ऐसे विद्यार्थी जो 12वीं की परीक्षा में 75 फीसदी या अधिक अंक अर्जित करते हैं। प्रदेश सरकार उन्हें लैपटॉप के लिए 25 हजार रुपए देती है। जिले में पिछले साल पास सैकड़ों ने इसमें क्वालिफाई किया था। लेकिन, ऐसे विद्यार्थियों को अब तक राशि नहीं मिली है। इधर इस साल होने वाली परीक्षा में सिर्फ एक महीना बचा है। बता दें कि सरकार के इसी प्रोत्साहन के कारण ही बच्चे अधिक मेहनत करते हैं और ज्यादा नंबर लाते हैं। पिछले साल 12वीं का परीक्षा परिणाम कमजोर रहा था, कहीं इस साल भी वैसी ही स्थिति न बन जाए।

सरकार की इस योजना के शुरू में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों को प्रोत्साहन योजना का लाभ मिलता था। बाद में इसे 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने बालों के लिए भी शुरू कर दिया। यही कारण है कि पिछले साल 12वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स 75 फीसदी से अधिक अंकों से पास हुए। उन्हें उम्मीद थी कि कॉलेज में एडमिशन लेने से पहले उन्हें लैपटॉप के लिए राशि मिल जाएगी। यहां तो मामला ठंडे बस्ते में है।

बता दे कि शासन की योजना से बच्चे मोटीवेट होते हैं और बेहतर प्रदर्शन करने की स्पर्धा राहती है। कुछ बच्चों के लिए शासन से मिलने वाली लैपटॉप की राशि कॉलेज फीस और उच्च शिक्षा प्राप्ति की सीढ़ी होती है। ऐसे में ये राशि उनके लिए मायने रखती है। मामले में हायर सेकंडरी स्कूल प्राचायों से भी चर्चा की तो उनका कहना है कि राशि कब तक मिलेगी,



इसे लेकर कोई जानकारी नहीं है। राशि सीधे सरकार द्वारा छात्रों के खातों में जमा की जाएगी।

**केवल एक साल दी स्कूटी–**बता दें 2022-23 में प्रत्येक स्कूल से अच्छे नंबर लाने वाले बालक-बालिका को चुनकर स्कूटी दी थी। ये स्कीम सिर्फ एक साल रही। फिर लैपटॉप दिए जाने लगे। पिछले साल 12वीं में पासआउट हुए पूजा पाटीदार और कुलदीप ने बताया उन्होंने मेहनत कर 80 से 90 प्रतिशत तक हाईस्कोर किया था। उनका सिलेक्शन सरकार की लैपटॉप स्कीम में भी हुआ। लेकिन, अभी तक न लैपटॉप मिला है और न राशि। बता दें कि इस साल 12वीं की बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से शुरू हो रही है।



# इंडियन स्टाईल कुश्ती संघ 19 जनवरी को आयोजित करेगा दशपुर दंगल प्रतियोगिता

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** इंडियन स्टाईल कुश्ती संघ जिला मन्दसौर की एक बैठक नगरपालिका सभागृह में संघ के जिला अध्यक्ष सरदार कुणाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में अखाड़ों के पहलवानों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वानुमति से निर्णय लिया कि दिनांक 19 जनवरी 2025, रविवार को मंदसौर में एक दिवसीय दशपुर दंगल प्रतियोगिता कराई जाएगी।

बैठक में जिला अध्यक्ष सरदार कुणाल श्रीवास्तव ने बताया कि इंडियन स्टाईल कुश्ती संघ का उद्देश्य देश में पहलवानों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने हेतु मंच प्रदान करना है। इसी उद्देश्य के तहत मंदसौर जिले के पहलवानों हेतु आगामी 19 जनवरी 2025 को एक दिवसीय दशपुर दंगल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं जिसमें जिले के पहलवानों को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 45 कि.ग्रा. से ऊपर वजन वाले पहलवान भाग ले सकेंगे। इस हेतु प्रतियोगिता का प्रचार प्रसार किया जाएगा। मीटिंग में गुंदेश्वर महादेव अखाड़ा के श्याम पाण्डे व दुदन सैयद अखाड़े के रूस्तम पहलवान का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। बैठक में रूस्तम पहलवान, नीलू पहलवान, असलम पहलवान, कृष्णा उस्ताद, दिनेश पहलवान, अन्नू पहलवान,धरम हिनवार, मिश्रीलाल रियार, राजू हिनवार, गया काका, नवीन भामनिया, पंकज रैकवार, वसीम पहलवान, सोहेल पहवान, हंसराज पहलवान, रमेश पहलवान, सावरिया पहलवान, चमन बानिया, मनोज, सन्नी कपूर, विनय तंवर, गोलू पहलवान, हिम्मतसिंह, रोहित ग्वाला, घनश्याम चौधरी, मोहित पहलवान, राजेश पहलवान, मोहित (सन्नी) ग्वाला, आदि उपस्थित थे। संचालन असलम पहलवान ने किया एवं आभार ने कृष्णा उस्ताद ने माना।

# अगले सप्ताह प्रत्येक विभाग की एक वर्ष की प्रगति की समीक्षा की जाएगी-कलेक्टर

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय की समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि आगामी साप्ताहिक बैठक में सभी विभागों की एक वर्ष की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निवारण के लिए आगामी 7 दिन तक शिविर आयोजित करें। सभी नगरीय निकाय प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाए तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समाधान करें। सीएम हेल्पलाइन की शिकाकातों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण होना चाहिए, इस बात को प्राथमिकता दें।

जिन विभागों के जितने भी कोर्ट प्रकरण हैं उनका समय सीमा में जवाब प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत लगाए जा रहे शिविरों की समीक्षा की। शिविरों के माध्यम से जितने भी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उनका तुरंत समाधान होना चाहिए। इसके साथ ही जन कल्याण अभियान के अंतर्गत कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ प्रदान करें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

# श्रीराम कथा की तैयारियां व्यापक स्तर पर जारी

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री हरि कथा आयोजन समिति तत्वाधान में आगामी 4 जनवरी से 12 जनवरी तक भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में आचार्य श्री रामानुज जी के सानिध्य में आयोजित होने वाली श्री राम कथा को लेकर मंदसौर शहर में भारी उत्साह बना हुआ है अनेक सामाजिक संगठन और समाजों की मीटिंग राम कथा की तैयारीयो को लेकर चल रही है। सोमवार को अग्रसेन मांगलिक भवन में पार्षद श्रीमती प्रमिला गोयल, अग्रवाल समाज देसी पंचायत महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती शशि गोपी अग्रवाल, महासचिव रानी अनिल अग्रवाल, श्वेता आशीष अग्रवाल की गरिमामय उपस्थिति में मीटिंग हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि 4 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे श्री तलाई वाले बालाजी से आरंभ होने वाली शोभायात्रा में अग्रवाल समाज की मातृशक्ति परिवार सहित एक जैसी वेशभूषा में सम्मिलित होगी और कलश यात्रा में मस्तक पर कलश भी धारण करेंगी।

इस अवसर पर मीटिंग में उपस्थित पार्षद श्रीमती प्रमिला गोयल ने कहा कि जन जन के सहयोग से मन्दसौर की पवित्र धरा पर 21 कन्याओं के नि:शुल्क विवाह के संकल्प के साथ श्रीराम कथा का विराट आयोजन किया जा रहा है यह अपने आप मे एक बड़ा ओर प्रेरणादायक कार्य है। कथा के आयोजन तो अनेक होते है लेकिन कथा के माध्यम से 21 कन्याओं का घर बसाने का जो बीड़ा हरिकथा आयोजन समिति ने उठाया है वह सराहनीय है और ईश्वरीय सेवा के समतुल्य है इसलिए समाज की सभी बहिनों को इस रामकथा के आयोजन में बढ चढकर हिस्सा लेना है ओर शोभायात्रा के अलावा प्रतिदिन अपनी ओर से सेवा भी देना है। महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती शशि अग्रवाल ने कहा कि कथा के माध्यम से अक्षय तृतीया पर 21 कन्याओं के विवाह का जो बीड़ा समिति ने उठाया है उस दिशा में भी हमको ध्यान देते हुए अपने आस पड़ोस में किसी जरूरतमंद परिवार की बिटिया का विवाह तय हुआ हो तो उन्हें सामुहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करने हेतु प्रेरित करे। मीटिंग में पिंकी गोयल, ममता अग्रवाल , अलका गर्ग,अंजू मित्तल, मधु गोयल, हेमलता अग्रवाल, नीलू गर्ग, पुष्पा मित्तल,सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थी। मीटिंग में श्रीराम कथा के पेम्पलेट वितरित किये गए। संचालन महा सचिव रानी अग्रवाल ने किया तथा आभार श्वेता अग्रवाल ने माना।

## शक्ति संगम में मल्हारगढ़ प्रखंड से सम्मिलित हुई मातृशक्ति

**पिपलियामंडी, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिन्दू परिषद् मालवा प्रान्त उज्जैन में मानवंदना यात्राओं के समापन पर मालवा प्रान्त की बहनों का एकत्रीकरण शक्ति संगम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में साध्वी ऋतंभरा का उद्बोधन हुआ। कार्यक्रम में मल्हारगढ़ प्रखंड से तीन बसों में करीब 200 महिलाएं कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। विहिप की दीपिका सोलंकी, चन्दा शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

# सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिये सरकार प्रतिबद्ध-मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में जारी है पात्र व्यक्तियों का चिन्हांकन

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए जरूरतमंदों तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए प्रदेश में गांव और वार्ड स्तर पर मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 26 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा। अभियान अंतर्गत जहाँ एक ओर योजनाओं से वंचित नागरिकों को चिन्हित कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, वहीं शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं का शिविर लगाकर निराकरण किया जा रहा है। अभियान में अब तक 7 हजार से अधिक शिविर लगाए जा चुके हैं, जिनमें 3 लाख से अधिक आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। आम नागरिकों तक सीधे पहुंचकर योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सरकारी अमला जरूरतमंदों का सर्वेक्षण कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित कर रहे हैं।



**योजनाओं का लाभ और सेवाओं की सहज रूप से उपलब्धता–**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पिछले एक वर्ष में सुशासन के प्रयासों से आमजन को शासन की योजनाओं और सेवाओं को सहज रूप से उपलब्ध कराने के लिये निरंतर कार्य किया जा रहा है। राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व महाअभियान के तीन चरण चलाये गये, जिसमें अभियान का तीसरा चरण प्रदेश में अभी चल रहा है। इसमें लाखों की संख्या में राजस्व संबंधी लंबित आवेदनों का निराकरण कर आमजन को राहत दी गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गरीब परिवारों को गरीबी के कुचक्र से बाहर लाने के लिये अनेक योजनाएँ संचालित कर हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा रहा है। इसके लिए जरूरी है कि गरीब परिवारों को नागरिक सेवाओं की पहुंच के दायरे में लाया जाकर उनकी आर्थिक क्षमता बढ़ाई जाये। 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास' वंचितों के जीवन में सुधार लाने की ठोस पहल की गई है, जिससे जरूरतमंदों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके।

**राज्य सरकार की गरीब हितैषी पहल–**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गरीब हितैषी पहल की गई, जिसके अंतर्गत इंदौर के हुकुमचंद मिल के 4 हजार 800 श्रमिक परिवारों की लंबित राशि 224 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। इसी तर्ज पर ग्वालियर सहित अन्य शहरों की बंद पड़ी मिल्स के प्रकरणों का भी श्रमिकों के हित में निर्णय लिये जा रहे हैं। गरीबों को विपरीत परिस्थितियों में सहारा देने के लिए संबल-2.0 योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना अंतर्गत 1 करोड़ 73 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीयन है और 40 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को 895 करोड़ रुपये से अधिक की अनुग्रह राशि उनके खातों में अंतरित की जा चुकी है। इसी क्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में प्रतिमाह 55 लाख हितग्राहियों को 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि का अंतरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 36 लाख से अधिक परिवारों और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 8 लाख से अधिक परिवारों घर का सपना साकार किया गया है। पी.एम. स्वामित्व योजना में 24 लाख से अधिक लोगों को भू-अधिकार-पत्र उपलब्ध करवाये जा चुके है। इस योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। पीएम स्वनिधि योजना में 11 लाख से अधिक हितग्राहियों को 10 से 50 हजार रूपये तक की ऋण सहायता उपलब्ध करवाकर उनके व्यवसाय को मजबूती प्रदान की गई है। राज्य सरकार ने दीपावली पर्व पर धनतेरस से देवउठनी ग्यारस तक शिल्पकार और छोटे व्यवसायियों को सामग्री बेचने पर कर से मुक्त रखा गया, जिससे वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा भी मिला।

**योजनाओं की राशि सीधे हितग्राही के बैंक खाते में–**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबसे पहले देश में जनधन खाते खोले गए। इसका परिणाम यह हुआ कि गरीब कल्याण की योजनाओं की राशि सीधे हितग्राहियों के खातों में पहुंच रही है। गरीबों को न केवल न्याय मिले बल्कि उन तक न्याय पहुंच सके इसका प्रबंध भी सरकार ने किया है।

# सुरक्षा गार्ड कर्मचारियों का शत-प्रतिशत पुलिस वेरिफिकेशन करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में जितने भी सुरक्षा गार्ड/ कर्मचारी है उन सभी का शत प्रतिशत पुलिस वेरिफिकेशन करवाए। टीबी अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग करें। इसके साथ ही जितने भी जन कल्याण अभियान के शिविर चल रहे हैं। उसमें अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग करवाए और टीबी की जांच करें। जिले में जितने भी निजी एक्स-रे मशीन है वहां पर टीबी के मरीजों की स्क्रीनिंग करवाना सुनिश्चित करें। कितने लोगों की स्क्रीनिंग की गई उसकी रिपोर्ट प्रत्येक दिन बनाएं।



आज 37 साल 7 माह की सेवा देने के बाद आदरणीय
श्री कैलाशचंद्र दरोया
पर्यवेक्षक, जिला सहकारी बैंक, शाखा नाहरगढ़ से सेवानिवृत्त होने पर

हार्दिक शुभकामनाएं
एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं
****** बधाईकर्ता ******
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा नाहरगढ़ एवं प्रा.कृषि सह. साख संस्था नाहरगढ़, सूठी, बिल्लोद, पिपलियाजोधा, पिपलिया कराड़िया एवं समस्त स्टॉफ

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in